Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding eco sensitive zone declared in Parsvanath

श्री सुनील कुमार सोनी (रायपुर): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि जैन तीर्थंकरों और अनन्त संतों की मोक्ष स्थली श्री समवेद शिक्षर जी पारसनाथ पर्वतराज, गिरिडीह, झारखंड की पहचान बनाए रखने के लिए उसे पर्यटन के लिए घोषित इको सेंसिटिव ज़ोन का मास्टर प्लान, जिसे राज्य सरकार ने घोषित किया है, उससे बाहर किया जाए । सरकार से मेरा निवेदन है कि उस स्थल पर मदिरा एवं मांस विक्रय करने को प्रतिबंधित किया जाए । जैन समाज के हजारों लोगों ने इसके लिए अन्न त्याग दिया है और वे इस मांग के लिए लगातार प्रयत्न कर रहे हैं । महोदय, मेरा माननीय मंत्री जी से पुन: आग्रह है कि इसके ऊपर तत्काल हस्तक्षेप करने का कष्ट करें ।… (व्यवधान)